RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

वर्ष : 36 | अंक : 238

हिसार | रविवार, 26 नवम्बर, 2023

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रुपए | पृष्ठ ६

# पाठकपक्ष

# हिसार पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में 3 युवकों को किया काबू,15 बाइक व 1 स्कूटी चोरीशुदा की बरामद,एक आरोपी निकला जीजेयू का स्टूडेंट, दूसरा चौकीदार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** हिसार में पुलिस ने बाइक चोर गैंग के 3 युवकों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया है।इस मामले में हिसार एसपी मोहित हांडा ने प्रैसवर्ता करते हुए जानकारी दी उन्होने बताया कि कंवारी गांव का रहने वाला नितेश बाइक चोरी करता था और उसे सस्ते दामों में हसनगढ़ निवासी विक्रम और दनौदा खुर्द निवासी अमित को बेचता था। इस मामले में इसके पास से पुलिस ने चोरीशुदा 15 बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। आरोपियों को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा ताकि अन्य वारदातों का पता चल सके। एसपी आफिस में प्रैसवर्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी नितेश कोशल रोजगार के तहत सेक्टर 16/17 हिसार में चौकीदार की नौकरी करता है। प्रथामिक जानकारी में सामने आया है। आरोपी नितेश अपने दो सह आरोपियों प्रदीप व पवन के साथ मिलकर बाइक चोरी की। ये एक घिसी हुई मास्टर चाबी रखते और उस चाबी से मोटरसाइकिल चुराता था। यदि चाबी से लॉक नहीं खुलता तो मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ देते थे। आरोपी नितेश चुराए गए 8 बाइक 5 से 10 हजार रूपये के बीच आरोपी विक्रम और अमित को बेचे थे।उन्होने बताया कि आरोपी नितेश अपने शौक व नशे की पुर्ति करने के लिए बाइक चोरी करते थे। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि गांव हसनगढ़ निवासी आरोपी विक्रम जीजेयू हिसार में पढ़ता है और होस्टल में रह रहा था। यह लालच के कारण चोरी के मोटरसाइकिल खरीदता था। वही तीसरा आरोपी दनौदा खुर्द निवासी अमित खेती बाडी का काम करता है व 12वीं तक पढ़ाई की है और विक्रम व अमित पैसे के लालच के लिए कम कीमत पर चोरी की मोटरसाइकिल खरीदते थे। एसपी मोहित हांडा ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस ने आरोपियों से कुल 15 मोटरसाइकिल व एक एक्टिव स्कूटी बरामद की है इनमे से 8 मोटरसाइकिल नितेश से और 4 मोटर साइकिल अमित से व 3 मोटरसाइकिल और 1 स्कूटी विक्रम से बरामद की है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि आरोपी चोरीशुदा बाइकों को सेकेंड हैंड व किस्तों पर ली हुई बाइक बताकर बेचते थे।आमजन से अपील करते उन्होने कहा कि पुराना वाहन खरीदते समय उस वाहन के बारे में आरटीओ और संबधित थाना से पता करे। सस्ते के लालच में चोरीशुदा बाइक खरीदने से बचे।

## ब्रह्माकुमारी राजयोग ध्यान केंद्र, ज्ञान मानसरोवर के 11वें वार्षिक समारोह और नशा मुक्त हरियाणा अभियान के मौके पर पहुंचे सीएम मनोहर लाल




**-पाठकपक्ष न्यूज-** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल पानीपत के ब्रह्माकुमारी राजयोग ध्यान केंद्र, ज्ञान मानसरोवर के 11वें वार्षिक समारोह और नशा मुक्त हरियाणा अभियान के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए।

तथा मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल पानीपत के ब्रह्माकुमारी राजयोग ध्यान केंद्र, ज्ञान मानसरोवर के 11वें वार्षिक समारोह में नशा मुक्त हरियाणा अभियान यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## उदीयमान कलाकार शुभम गोयल



**-पाठकपक्ष न्यूज-** पानीपत का छात्र शुभम गोयल नई दिल्ली में आईआईटीएफ 2023 में एक चित्र बनाते हुए।

## 27 को मान आंखों के अस्पताल में फ्री जांच कैम्प



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के शुभ अवसर पर कल 27 नवम्बर को डॉ. गुरप्रताप सिंह मान व डॉ. गरिमा, मान आंखों के अस्पताल में फ्री नेत्र जांच शिविर सुबह 10 से 2 बजे तक तथा सायं 5 से 7 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में आधुनिक उपकरणों से जांच होगी और निशुल्क चिकित्सा की जाएगी। डॉ. मान ने बताया कि अस्पताल की 11वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 12 दिन से सभी हरियाणा कर्मचारियों के लिए फ्री कैम्प चलाया जा रहा है जो कि 30 नवम्बर तक चलेगा।

## विधायक विनोद भयाना ने किया पौने 23 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 26 नवम्बर :** विधायक विनोद भयाना ने शनिवार को ढाणी कुतुबपुर तथा सोरखी गांव में पौने 23 लाख रुपए की लागत के पूरे होने वाले तीन विकास कार्यों का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी गांव के सरपंच तथा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। श्री भयाना ने इस दौरान लोगों से बातचीत करते हुए विकास कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आज शुरू किए गए तीनों विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। विधायक ने ढाणी कुतुबपुर गांव में 12 लाख रुपए से बनने वाली दो गलियों तथा सोरखी गांव में 10 लाख 75 हजार की राशि से बनने वाली धानक चौपाल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। विधायक ने दोनों गांव में सुनी लोगों की समस्याएं- ढाणी कुतुबपुर तथा सोरखी गांव में विकास कार्यों का निर्माण शुरू करवाने के बाद लोगों की समस्याओं को भी सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि हर समस्या का समाधान हर हाल में करवाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाएं पहनकर शानदार स्वागत किया। इस अवसर पर ढाणी कुतुबपुर गांव के सरपंच अजय, सोरखी गांव के सरपंच रामचंद्र, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरजीत यादव, ब्लॉक समिति अध्यक्ष संजय, लीला फौजी रामफल भड़ाना, पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता राहुल, योगेश, बल्ली सोरखी, भारत भूषण शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# एफसी कालेज में योग विभाग द्वारा 'फिट इण्डिया वीक' के अन्तर्गत व्याख्यान माला व प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** दिनांक 22, 24 व 25 नवम्बर को फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में योग विभाग द्वारा 'फिट इण्डिया वीक' के अन्तर्गत व्याख्यान माला व प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिससे महाविद्यालय की छात्राओं ने भरपूर लाभ उठाया। इस आयोजन के अन्तर्गत दिनांक 22 नवम्बर को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नवीन कौशिक द्वारा 'अष्टांग योग', दिनांक 24 नवम्बर को हिसार योगशाला फाउंडेशन के सी.ई.ओ. योग गुरू अनिल पानू द्वारा 'आसनों के विभिन्न आयाम', दिनांक 25 नवम्बर को प्रवीन योग अकादमी के आचार्य प्रवीन वर्मा द्वारा 'स्ट्रेचिंग प्रैक्टिसिस इन योग' विषय पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण करवाया गया। इन्होंने छात्राओं को आसनों को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न अभ्यासों से अवगत करवाया। अंत में प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग के बिना जीवन अधूरा है, हमें हर हाल में योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिये। इस दौरान योग विभाग की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा गांधी, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी महाजन, योग विभाग की प्राध्यापिकाएं डॉ. अन्जू बाला, श्रीमती अंजू, श्रीमती रिन्कू, सुश्री कौशल्या व महाविद्यालय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मानवती आर्य कन्या उच्च विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 26 नवम्बर :** मानवती आर्य कन्या उच्च विद्यालय, हॉसी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमती शारदा नांरग, श्रीमती सुनीता धमीजा, श्रीमती सोनिया, श्रीमती ममता व श्रीमती शशि रहे। खेलों का शुभारम्भ डीएवी गान द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के दसवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने जौकर रेस, बैक रेस, सैंक रेस, बैलून रेस, सुई धागा रेस, मटकी रेस, कौयन रेस आदि में अनेक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। आये हुए अतिथियों व मुख्याध्यापिका ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया। श्रीमती शारदा नांरग ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल और प्रतिस्पर्था की भावना के महत्व को बताया, हमें जीत हार की परवाह न करते हुये हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए। विद्यालय की मुख्याध्यापिका डॉ तमन्ना ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में ईमानदारी, दृढ निश्चय इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और लगन के बल पर असंभव कार्य को भी संभव किया जा सकता है व राष्ट्रगीत व शान्ति पाठ के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान श्री वेद प्रकाश नारंग ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा हमें जीत हार की परवाह न करते हुए हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए। विद्यालय की मुख्याध्यापिका डॉ. तमन्ना ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

# स्प्रिंग फील्ड स्कूल में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** स्प्रिंग फील्ड स्कूल में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रकार के माडल में थर्मल पावर प्लांट चन्द्रयान तीन लैंडर और रोवर हुमन हार्ट ह्युमन डाईजेस्टिव सिस्टम पॉलयूशन विन्डमिल रेन वाटर हारवेस्टिंग वाटर साईकिल इलेक्ट्रिक सरकिट ऐसिड रेन विन्ड मिल सोलर व लूनर ऐकलिप्स डे एन्ड नाईट पार्टस ऑफ प्लॉटस, कच्चा एवम पक्का हाऊस सोलर सिस्टम थे जिनको विद्यार्थियों ने बडी मेहनत से तैयार करके सबके सामने पेश किया। इस प्रस्तुति की अभिभावकों ने खूब सराहना की व बच्चों को आर्शीवाद दिया। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नीरजा खन्ना व डायरेक्टर सिद्धार्थ खन्ना ने बच्चों की इस अदभुत प्रतिभा की खूब सराहना की व बच्चों को बधाई दी।

# अहंकार व स्वार्थ त्याग दें तो खुद में हमें ईश्वर दिखेगा

**अध्यात्म**

एक समय की बात है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के पास एक श्रीमंत आए और उनसे कहा, 'सुना है आपके पास मां (काली मां) आती हैं, आप उनसे बातें भी करते हैं।' रामकृष्ण बोले, 'हां! आती हैं, जिस तरह से आप मेरे साथ बातें कर रहे हैं, उसी प्रकार मैं उनके साथ भी बातें करता हूं।' 'मां कब आती हैं/', श्रीमंत ने पूछा। रामकृष्ण ने कहा, 'उनका आगमन तय नहीं होता, जब उनकी इच्छा होती है, तब आ जाती हैं।' श्रीमंत ने कहा, 'स्वामी जी कृपा करके इस बार जब मां आएं तो कहना कि मेरे पास भी पधारें। आप तो जानते ही हैं कि मैं बहुत व्यस्त रहता हूं इसलिए यहां बैठ कर प्रतीक्षा नहीं कर सकूंगा।' रामकृष्ण ने कहा, 'ठीक है, अगली बार जब भी मां मुझे मिलेंगी, तो अवश्य कह दूंगा, मगर वह तुमसे मिलने के लिए कहां आएंगी/' उस श्रीमंत ने अपना पता बताना चाहा कि रामकृष्ण ने उसे रोक दिया और कहा, 'यह तो आपकी कोठी, ऑफिस और फैक्ट्री का पता है। मां वहां थोड़े ही जाएंगी। वह तो तुम्हारे पास जाएंगी, इसलिए अपना पता बताओ।' श्रीमंत को फिर भी बात समझ में नहीं आई। तब स्वामी रामकृष्ण ने समझाया, 'तुम्हारे पते का मतलब है, तुम्हारे देह के भीतर जो आत्मा बैठी है, उसका पता। जिस दिन तुम्हें उसका पता मिल जाएगा, उस दिन मां बिना बुलाए तुम्हारे पास आ जाएंगी और तुम भी मेरी तरह उनके साथ बातें कर सकोगे।' वह रामकृष्ण के चरणों पर गिरकर रोने लगा। उस दिन से वह अपना सही ठिकाना ढूंढने के लिए रामकृष्ण के मार्गदर्शन में एक साधक की तरह जीवन बिताने लगा। जिस मकान या घर यानी अंतर्मन में हमारा दिव्य व अनुपम निवास है, हमारा ईश्वर भी वहीं निवास करता है। ईश्वर तो पहले से ही आत्मरूपी मकान में रह रहा है और वह इंतजार कर रहा है कि कब हम उनसे मिलकर अपना जीवन धन्य करें। एक अधेड़ उम्र का धनी व्यक्ति सड़क के किनारे बैठकर जोर-जोर से रो रहा था। एक सज्जन ने उसके पास आकर पूछा कि आप क्यों रो रहे हैं/ वह धनी बोला, 'क्या करूं/ मेरे पास गाड़ी है, बंगला है। चार-चार फैक्ट्रियां हैं और बहुत सारा बैंक बैलेंस भी है।' आश्चर्य से उस सज्जन ने फिर पूछा, 'यह तो बहुत ही सुंदर बात है, पर यह तो बताइए कि इतना सब कुछ होने के बावजूद आप रो रहे हैं, ऐसा क्यों/ वह धनी व्यक्ति बोला, 'मैं अपने घर का पता ही भूल गया हूं।' बहुत बड़ा सच है इसके पीछे। वह यह कि इस धरती पर रहने वाले हम सभी मनुष्य भूल गए हैं कि हमारा असली पता क्या है। भूल गए हैं कि दरअसल हम हैं कौन/ 'मैं कौन हूं/' इस प्रश्न का उत्तर जानना बहुत ही सरल है यदि हमें स्वामी रामकृष्ण परमहंस जैसा कोई मार्गदर्शक मिल जाए। यदि स्वामी विवेकानंद जैसी जिज्ञासा हमारे अंदर पैदा हो जाए। खुद को जानना बहुत ही जरूरी है। अहंकार और स्वार्थ ने हमारे दिव्य गुणों को समाप्त कर दिया है इसलिए हम खुद को नहीं जान पाते हैं। सहजता, सरलता, सहनशीलता, करुणा, प्रेम और दया रही नहीं और लालच, लोभ, हिंसा, ईर्ष्या, नफरत, क्रोध, और जटिलता को बढ़ावा मिल रहा है। हमें होश में आने के लिए जाग्रत होना होगा और अपनी ही देह में स्थित आत्मा-परमात्मा का बोध प्राप्त करना होगा।

# आईडी डीएवी (सीनियर सेकेंडरी) पब्लिक स्कूल, डाबड़ा रोड़ के छात्र- छात्राओं ने ली संविधान के सम्मान की शपथ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** 'लोकतंत्र केवल सरकार का एक रूप नहीं है ... यह अनिवार्य रूप से साथियों के प्रति सम्मान और श्रद्धा का एक दृष्टिकोण है।' देश में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस (Constitution Day 2023) या राष्ट्रीय कानून दिवस मनाया जाता है। विद्यालय में इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापकों ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया कि यह खास दिन 1949 के ऐतिहासिक दिन को दर्शाता है। जब संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया था। भारतीय संविधान कई मायनों में विश्व के अन्य देशों के संविधान से अलग है लेकिन विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान होने इसे अन्य देशों से बेहद अलग बनाता है। हमारे संविधान को बनने में 2 वर्ष से भी अधिक समय लग गया था।साथ ही अध्यापकों ने बच्चों को समानता के अधिकार, स्वतंत्रता के अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, संस्कृति तथा शिक्षा का अधिकार और संवैधानिक उपचार के अधिकार के बारे में बताते हुए उन्हें संविधान के प्रारूप से अवगत करवाया। इस अवसर पर कक्षा पाँचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई।विद्यार्थियों ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का प्रण किया। उन्होंने यह शपथ भी ली कि वे संविधान द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करेंगे। विद्यालय की सहायक क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुनीता बहल ने अपने प्रभावी वक्तव्य में बच्चों को बताया कि अगर हमें देश को उन्नति के पथ पर ले जाना है तो संविधान द्वारा बनाए गए नियमों पर चलना तथा अपने कर्तव्यों का पालन करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन अच्छी तरह करता है, तभी हमारे अधिकार सुरक्षित रह सकते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने सभी को संविधान दिवस की बधाई दी तथा विद्यार्थियों को बताया कि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के साथ- साथ हमें अपने कर्तव्यों को भी निभाना चाहिए क्योंकि आज भारत देश का जो संविधान है, वह हर भारतवासी का अभिमान है। अंत में उन्होंने संविधान दिवस के अवसर पर देश को एक प्रगतिशील और मज़बूत लोकतांत्रिक संविधान दिवस देने वाले आदरणीय बाबा साहेब अम्बेडकर को शत-शत् नमन किया।

# कोटक महिंद्रा ने अग्रोहा मेडिकल को भेंट की एंबुलेंस

## कोटक महिंद्रा समाज सेवा में सदैव आगे : दिनेश गर्ग




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत कोटक महिंद्रा द्वारा महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा को मरीजों की सेवा के लिए एक एंबुलेंस भेंट की गई। इस दौरान कोटक महिंद्रा के उपाध्यक्ष दिनेश गर्ग एवं हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख अशोक गर्ग ने महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों की मौजूदगी में एंबुलेंस की चाबी महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा व मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ राजीव चौहान के सुपुर्द की। कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा ने कहा कि निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आम जनता और गरीबों की सेवा के लिए कार्य करना एक प्रशंसनीय प्रयास है। इसके जरिए कॉरपोरेट कंपनियां समाज के प्रति अपने दायित्व को समझकर समाज की बेहतरी और जरूरतमंदों के स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपनी जिम्मेदारी समझ कर उसका निर्वाह करती हैं। आज महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब और राजस्थान के मरीजों को भी सेवाएं दे रहा है और इस क्षेत्र के हर नागरिक के लिए उम्मीद की किरण है। प्रतिदिन महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में प्रदेश के रोगी अपने इलाज के लिए आते हैं ऐसे में इमरजेंसी में आए मरीजों के लिए एंबुलेंस सुविधा बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। कोटक महिंद्रा द्वारा भेंट की गई है एंबुलेंस मरीज को तुरंत स्वास्थ्य सहायता पहुंचाने के लिए मददगार साबित होगी जिसके लिए न केवल महाविद्यालय प्रशासन बल्कि इस क्षेत्र की जनता भी कोटक महिंद्रा के लिए आभारी रहेगी। वहीं कोटक महिंद्रा के उपाध्यक्ष दिनेश गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय प्रदेश में मरीजों की सेवा पूर्ण समर्पण से कर रहा है ऐसे में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए कोटक महिंद्रा द्वारा यह एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए समर्पित की गई है और वे इसके लिए महाविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार समाज की जरूरत के लिए आगे जाकर कार्य करते रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में एमएस डॉ राजीव चौहान, डॉ आरके गोयल, डॉ शमशेर मालिक, डॉ संदीप राणा, डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ पूजा कटारिया, एरिया हेड मनदीप सिंह, संजय, विजेंद्र, विष्णु, रविंद्र व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सुण मौल्लड़ की

भारत ने अपना विमान तेजस बनाया।



म्हारे देस म्ह अगर जातिवाद अर भ्रष्टाचार कम हो जावैं तो हम दुनिया की नम्बर एक ताकत बण जावैंगे।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे।

**वृषभ :** पुरानी बातें भुलाकर नई शुरूआत करेंगे। भावनाओं पर काबू रखें। सकारात्मक प्रयासों का लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** पूंजी निवेश करने से बचें, नुकसान होने की संभावना। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। मन में तनाव बना रहेगा। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**कर्क :** नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा लाभकारी रहेगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह :** बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। राज्यपक्ष से लाभ होगा। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल प्राप्त होगा।

**तुला :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। खान-पान में सावधानी रखें। अपनों के व्यवहार से खिन्नता बढ़ेगी। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ौतरी होगी। विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे। सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा।

**धनु :** उधार के लेन-देन से बचें। सावधानीपूर्वक कार्य करें। अत्याधिक गुस्सा करने से बचें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।

**मकर :** विद्यार्थियों को शुभ परिणाम प्राप्त होंगे। अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी।

**कुंभ :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। काली माता की पूजा करें।

**मीन :** कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होंगी। महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे। व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# कर्म का मर्म

## मीठे पानी की सुराही

संस्कृत के महान कवि कालिदास बहुत कुरूप थे। एक बार वे सम्राट विक्रमादित्य के दरबार में अपनी रचना सुना रहे थे। हर ओर से प्रशंसा के फूल बरस रहे थे कि अचानक सम्राट विक्रमादित्य ने सबको चुप करा दिया। जब दरबारी चुप हुए तो विक्रमादित्य ने कालिदास से पूछा, 'आपकी बुद्धिमत्ता और विद्वत्ता निस्संदेह अद्वितीय है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम ही पड़ती है। मगर आपको देखकर हमेशा मन में एक सवाल उठता है। आपका शरीर और रूप रंग बुद्धिमत्ता और विद्वत्ता के अनुरूप ही सुंदर क्यों नहीं है/' उस समय तो कालिदास ने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया और सम्राट के सामने चुप रहना ही उचित समझा। बात आई-गई हो गई। एक शाम सम्राट बाग में बैठे थे। गर्मी के दिन थे और साहित्य चर्चा चल रही थी। महाकवि कालिदास भी पास ही बैठे थे। इसी समय अचानक सम्राट को प्यास लगी। सम्राट ने पानी के लिए आवाज लगाई। सम्राट को प्यास से व्याकुल देख कालिदास उठे और खुद ही दो सुराहियों को उठा लाए। उनमें से एक सुराही सोने की थी और दूसरी मिट्टी की थी। कालिदास ने पहले सोने की सुराही वाला जल एक बर्तन में डाला और सम्राट को पीने के लिए दिया। गर्मी के कारण जल ठंडा ही नहीं हुआ था। सम्राट को अच्छा नहीं लगा। कालिदास ने मिट्टी की सुराही वाला जल सम्राट को दिया जो कि मीठा और ठंडा था। सम्राट प्रसन्न हुए और पूछने लगे, 'मिट्टी की सुराही सोने की सुराही से सुंदर नहीं है, फिर भी उसका पानी मीठा और ठंडा क्यों है/' इस पर महाकवि कालिदास ने विनम्रतापूर्वक कहा, 'महाराज, जिस प्रकार शीतलता और मिठास बर्तन की सुंदरता और बनावट पर निर्भर नहीं करती, उसी प्रकार विद्वत्ता और बुद्धिमत्ता शरीर के रूप-रंग पर निर्भर नहीं करती।' कालिदास का उत्तर सुनकर सम्राट को अपने पुराने प्रश्न का उत्तर मिल गया।




**DHANWANTARI**
DHANWANTARI
स्वस्थ भारत अभियान
**Ayurvedic Centre**

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलेस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II

Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# श्रम मंत्री अनूप धानक ने उकलाना आवास पर सुनी जन समस्याएं

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** श्रम मंत्री अनूप धानक ने शनिवार को उकलाना स्थित अपने आवास स्थान पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उपस्थित अधिकारियों को जन-समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। पहले की सरकारों में विकास कार्यों में भेदभाव होता था, लेकिन आज प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में ईमानदारी व भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से लोगों के काम कर रही है। सरकार ने सभी विभागों की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को ऑनलाइन मोड पर अपडेट कर दिया है। इसी कारण अब लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अब लोगों को सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का घर बैठे सीधा लाभ मिल रहा है। परिवार पहचान पत्र से तो स्वतः ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाता है। अब बुढ़ापा पेंशन पोर्टल के माध्यम से स्वतः ही बन रही है तथा बुजुर्गों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खातों में सीधी राशि पहुंच रही है। गरीब व्यक्तियों को चिरायु योजना के तहत पांच लाख रुपए सालाना इलाज का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर जेजेपी के हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, नरेश पूनिया, संदीप कुंडू, गुरुमुख सिंह, सरपंच होशियार सिंह, बानी सरपंच, मंजीत सरपंच, तरसेम सरपंच, धूप सिंह थाकन, भूरिया, बबलु गोदारा, रामफल सहरावत, राजाराम, ईश्वर वकील, बलवान, जंगी, कृष्ण लितानी, जसबीर आदि मौजूद रहे।



# ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में 2 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में स्वर्गीय श्रीमती विद्या गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर हैल्थ साइंस विभाग में 2 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद और विश्वविद्यालय के हैल्थ एंड इनवोरमेंटल स्टूडेन्ट क्लब द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने कहा कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से बेहतर स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है जिस से कि दिल की बीमारियों से भी बचा जा सकता है। साथ ही यह एक सामाजिक पुण्य का कार्य है। मुख्य अतिथि उद्योगपति आशीष जोशी (हाईटैक स्टील ग्रुप, गुरूग्राम) रहे। कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक और प्रति-कुलपति डॉ अजय पोदार ने कहा कि रक्त दान एक महान दान है। इससे हम जरूरतमंदो की मदद कर सकते हैं। लोगों को रक्त दान करने के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय विद्यार्थियों सहित अफ्रीका, बांग्लादेश, नेपाल तथा अन्य देशों से शिक्षा हेतू आए हुए विद्यार्थियों में रक्तदान के लिए अत्यंत उत्साह देखा गया।




शिविर में 140 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राकेश शर्मा, प्रांतीय रक्तदान संयोजक तथा डॉ राकेश धीमान, डीन स्टूडेन्ट एवं स्टाफ वेल्फेयर ने किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों को रक्त दान उपरान्त प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह, फोटो तथा जलपान प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् ने विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया तथा यहां के विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सराहना की।

# विकासात्मक देरी वाले बच्चों की परेशानियों को दूर करने को लेकर कार्यशाला का आयोजित

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य दिव्यांगजन आयुक्त के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा शीघ्र हस्तक्षेप पुनर्वास सेवाओं पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान की टीम में डॉ हेमंत एवं डॉ अनुपमा द्वारा 6 साल तक के बच्चों में विकासात्मक देरी के कारण आई कर्मियों एवं परेशानियों को दूर करने के लिए शीघ्र हस्तक्षेप कार्यक्रम के तहत उनका उचित समाधान करने बारे प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए तैयार की गई क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (सीडीईआईसी) के लिए पाठ्यक्रम रूपरेखा बारे जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 6 वर्ष तक के बच्चों को विकासात्मक देरी से उबरने तथा स्कूल के लिए तैयार करने पर फोकस किया गया। पहल तथा निपुण समावेशी शिक्षा के तहत इन बच्चों को सीडीईआईसी में मिलने वाली शैक्षणिक सुविधाओं के बारे में भी जानकारियां दी गई। वर्कशाप में सरकार की विकलांगों को सहायता योजना (एडीआईपी) योजना के तहत टीएलएम किट निःशुल्क प्रदान करने की मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से किया गया। कार्यशाला में 125 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें अध्यापक, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर आदि को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में प्री-टेस्ट तथा अंत में पोस्ट टेस्ट का भी आयोजन किया गया, जिसके सरकारणात्मक परिणाम देखने को मिले। अध्यापक राजपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह तथा जितेंद्र कुमार ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के शीघ्र हस्तक्षेप कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। कार्यशाला के आखिरी सत्र में सभी प्रतिभागियों ने शीघ्र हस्तक्षेप कार्यक्रम तथा ग्रुप प्रेजेंटेशन सामूहिक गतिविधियां करवाकर प्रशिक्षण दिया गया। समाज कल्याण विभाग से धर्मबीर सिंह, सतबीर सिंह, राजेश कुमार संस्थान से आए डॉ हेमंत एवं डॉ अनुपमा तथा अन्य प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ अमित पंवार, राजपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेश, अनीता, राकेश, बलराज सिंह, कुलदीप सिंह सहित अध्यापकगण, आंगनवाड़ी वर्कर तथा आशा वर्कर आदि उपस्थित रहे।



## सेल्फ डिफेंस सोसायटी ने स्केटिंग चैंपियनशिप के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत

# खेलों में निरंतर हिस्सा लेने से बच्चों में अनुशासन व एकाग्रता का होता विकास : रोहतास कुमार

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा हिसार कैंट में बच्चों के लिए स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस स्पर्धा में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कुशलता व हुनर से सभी को प्रभावित किया। सेल्फ डिफेंस सोसायटी के फाउंडर अंतरराष्ट्रीय कोच रोहतास कुमार ने बताया कि सात श्रेणियों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार वर्ष के आयु वर्ग में अनिका प्रथम, रक्षिता द्वितीय व अनव ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी भांति 5 वर्ष आयु वर्ग में मृज्ञा प्रथम, अनिका द्वितीय व रियान, गयांश व सुकृति तृतीय रहे। सात वर्ष आयु वर्ग में अमायरा प्रथम व स्वर द्वितीय रहा। इसी भांति 8 वर्ष आयु वर्ग में मन्नत श्रेष्ठ प्रदर्शन करके विजेता बना और वेदिका को दूसरा व रहमत को तीसरा स्थान मिला। नौ वर्ष आयु वर्ग में विराज प्रथम, वासी द्वितीय व विक्रम तृतीय रहा। इसी तरह दस वर्ष आयु वर्ग में विहान ने पहला स्थान, अनायरा ने दूसरा व पहल ने तीसरा स्थान हासिल किया। दस वर्ष आयु वर्ग की एक अन्य स्पर्धा में लक्षिका विजेता बनी और आराध्या द्वितीय व सुर्यांशी को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर सेना से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी, परिवारजन एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान कोच रोहतास कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों से जुड़े रहने से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन व एकाग्रता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को प्रतिदिन किसी न किसी खेल में कुछ समय अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल अनीश धनखड़, ले. क. विक्रम यादव, मे. खुशबू शर्मा, मे. शशांक सिंह, क. कुमार निशांत, ले. क. जी एस बिष्ट, क. ललित कुमार, मे. राजेश तिवारी, क. अभिषेक सिंह, ले. क. बिकेश चौहान, ले. क. विश्व भारती, ले. क. अतीक, ले. क. अमित कुमार व क. हिम्मत सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# नशा के कारण बढ़ रहे महिला अपराध रोकथाम के लिए हुआ जागरूकता कैंप आयोजित

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को जिला नागरिक अस्पताल के सुकून सेंटर में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक जिला सुकून काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने बताया की मंत्रालय के द्वारा 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2023 तक नशा के कारण बढ़ रहे महिला अपराध रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बरवाला नर्सिंग कॉलेज की लेक्चरर एवं नर्सिंग छात्राओं को नशा के कारण बढ़ रहे महिला अपराध के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति नशा करता है यदि उसको समय पर नशा न मिले तो वह अनेक अपराध करने लग जाता है, जिसमें सबसे ज्यादा घर की महिलाएं व बच्चे प्रभावित होते हैं। वहीं नशा के कारण घरेलू हिंसा के साथ छेड़छाड़, मारपीट, जबरदस्ती, यौन उत्पीड़न, शोषण आदि समस्याओं का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। इसी कारण से एक हंसता खेलता परिवार टूट जाता है। उन्होंने कॉलेज लेक्चरर एवं नर्सिंग छात्राओं से कहा कि वे अपराध को चुपचाप सहन न करें। अगर किसी को भी इस प्रकार की समस्या है तो वह सहायता के लिए सुकून सेंटर का रुख करें, क्योंकि सुकून सेंटर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को काउंसलिंग, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, वकील सहायता, उपचार जैसी सभी विभिन्न सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती है और महिला की जानकारी को भी गुप्त रखा जाता है। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 एवं नशा मुक्ति के लिए मंत्रालय द्वारा दिए गए हेल्पलाइन नंबर 14446 की जानकारियां भी दी। इस अवसर पर सविता श्योराण, कविता सहित अन्य छात्राएं भी उपस्थिति रही।



# दिवंगत बलराज सातरोड की पुण्यतिथि पर किए पुष्प अर्पित

## दिवंगत बलराज सातरोड के नेतृत्व में जिलें में हुए कई राष्ट्रीय स्तर के जन आंदोलन : इन्दल

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** क्षेत्र के कद्दावर बहुजन नेता रहे दिवंगत बलराज सातरोड को उनकी पांचवी पुण्यतिथि पर लघुसचिवालय स्थित डाक्टर बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा पार्क पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए एडवोकेट बजरंग इन्दल ने कहा कि दिवंगत बलराज सातरोड़ ने अपने जीवन काल में करीब चार दशक तक गरीब,शोषित,पीड़ितों और महिलाओं की शासन- प्रशासन के सम्मुख बड़ी निर्भीकता और ईमानदारी से हक- अधिकारों और न्याय की लड़ाई लड़ी थी। वो सदा दीन- दुखियों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। दिवंगत बलराज सातरोड़ के नेतृत्व में हिसार जिलें में कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के सफल सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन हुए थे। एडवोकेट इन्दल ने कहा कि दिवंगत बलराज सातरोड ने दलित- पिछड़ों और सर्व समाज को सामाजिक और राजनीतिक रूप से एकजुट करने के लिए भी खूब मेहनत की थी। यहीं नही विपक्षी दल भी उनकी काबिलियत का लोहा मानते थे। डाक्टर अंबेडकर और साहब कांशीराम की विचारधारा को जिलें के सभी गांवों और जन- जन तक पहुंचाने में उनकी बड़ी महत्ती भूमिका रही है। क्षेत्र के लोग आज भी उनको याद करके भाव विभोर हो जाते है। इस अवसर पर अनिल बलराज सातरोड, पवन सातरोड, महिला नेत्री कृष्णा दुग्गल,अशोक कुमार, जयवीर सैनी, सुरभभान बौद्ध, चेतराम पंवार, विनोद शर्मा, संजय, कपिल, रमन वाल्मीकि, टोनी, अशोक आर्यनगर, सतीश, रमेश, राजेश जनागल, हरसुख जांगड़ा व अन्य मौजूद रहे।



# प्रदेश के स्कूलों की हालत चिंताजनक, 538 स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं : मनोज राठी

## सरकार ने अपने शपथ पत्रों में स्वाकारी स्कूलों में व्याप्त कमियां, शिक्षा विभाग को लगाया पांच लाख जुर्माना, मुख्य सचिव व शिक्षा निदेशक को किया तलब

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज राठी ने प्रदेश में स्कूलों की हालत पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग को पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के 538 स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं है, शोषण के मामले बढ़े हैं। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को भी तलब किया है।

मनोज राठी ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि मुख्य सचिव व स्कूली शिक्षा निदेशक को 15 दिसंबर को व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने के आदेश दिए हैं। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के शिक्षा विभाग को कड़ी फटकार लगाते हुए पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जस्टिस विनोद भारद्वाज ने सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर चल रही सुनवाई में यह आदेश दिए। उच्च न्यायालय ने कहा है कि हरियाणा सरकार कोर्ट के सामने सिर्फ आंकड़ों का खेल खेल रही है और धरातल पर कोई काम नहीं कर रही। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एक तरफ भारत सरकार 'स्वच्छ भारत मिशन' का नारा देते हुए हर घर में शौचालय उपलब्ध करवाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ लड़कियों के 538 स्कूलों में टॉयलेट ही नहीं हैं और दिन प्रतिदिन स्कूली छात्राओं के शोषण के मामले सामने आ रहे हैं।

उच्च न्यायालय ने एक हफ्ते के अंदर सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए समय सीमाबद्ध योजना पेश करने के आदेश दिए हैं और हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव व स्कूली शिक्षा डायरेक्टर को 15 दिसंबर को व्यक्तिगत तौर पर कोर्ट के सामने हाजिर होने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग से हलफनामा के माध्यम से स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के बारे में विस्तार से जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में जो आंकड़े व तथ्य सामने आये वो चौंकाने वाले हैं। शिक्षा विभाग द्वारा दिये गए हलफनामे के मुताबिक, हरियाणा के 131 सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है, 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं है, 538 स्कूलों में लड़कियों के शौचालय नहीं है और 1047 स्कूलों में लड़कों के शौचालय नहीं है। इसके अलावा कोर्ट को बताया गया कि छात्रों के लिए 8240 क्लास रूम की जरूरत है।

मनोज राठी ने बताया कि इस संबंध में कैथल जिले के बालू स्कूल के छात्रों ने अपने वकील प्रदीप कुमार रापड़िया के माध्यम से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार की शिक्षा विभाग से एफिडेविट के माध्यम से स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के बारे में विस्तार से जानकारी मांगी थी। जिसके जवाब में जो आंकड़े व तथ्य सामने आए वह चौंकाने वाले है। एफिडेविट के मुताबिक, हरियाणा के 131 सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है, 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं है, 538 स्कूलों में लड़कियों के टॉयलेट नहीं है और 1047 स्कूलों में लड़कों के टॉयलेट नहीं है। इसके अलावा कोर्ट को बताया गया कि छात्रों के लिए 8240 क्लासरूम की जरूरत है। वकील प्रदीप रापड़िया और रीपु दमन बूरा ने हाईकोर्ट को बताया कि एक तरफ तो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और खुले में शोच मुक्त भारत जैसे नारे दिए जा रहे है और दूसरी तरफ स्कूलों में टॉयलेट और पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। इन सुविधाओं के लिए स्कूली बच्चों को मजबूरन हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। शिक्षा विभाग ने 10,675.99 करोड़ रुपए की ग्रांट को बिना उपयोग किए सरकार को वापस भेज दिया।



# इकोज़ेन अपने 4जी सक्षम स्मार्ट इकोट्रॉन सौर पंप नियंत्रकों के साथ किसानों को पूर्ण नियंत्रण प्रदान कर बनाता है सक्षम

## हरियाणा के किसानों को टेक्नोलॉजी में सबसे आधुनिक इकोज़ेन के सोलर पंप सेट मिलेंगे जिसका इंस्टालेशन पीएम कुसुम योजना के तहत ऑपरेशन पार्टनर महिंद्रा सोलराइज द्वारा तेजी से किया जाएगा

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** क्लीनटेक में एक प्रमुख कंपनी, इकोज़ेन क्लाइमेट-स्मार्ट टेक्नोलॉजी समाधान विकसित करती है, जो किसानों को पैदावार बढ़ाने, बर्बादी में कमी लाने और कृषि आय बढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में सोलर पंप सेट्स में अग्रणी ब्रांड, इकोज़ेन अपने आधुनिक इकोट्रॉन स्मार्ट सोलर पंप कंट्रोलर्स द्वारा 1,60,000 से ज़्यादा भारतीय किसानों को लाभ पहुँचा चुका है। अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंपों को तेज़ी से इंस्टॉल करने के लिए इकोज़ेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को इकोज़ेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी महिंद्रा टीम के विस्तृत और प्रभावशाली इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से मिल सकेगी। सोलर पंप कंट्रोलर टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी, इकोज़ेन के कंट्रोलर में आधुनिक फंक्शंस हैं, जो किसानों को अपने पंपों का पूर्ण नियंत्रण देते हैं। 4जी कनेक्टिविटी वाले ये पहले कंट्रोलर्स किसानों को खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल ऐप की मदद से पंप का संचालन करने, सिस्टम को चालू और बंद करने तथा छोड़े गए पानी की मात्रा एवं उसके बहाव दर की निगरानी करने में मदद करते हैं। इस बारे में इकोज़ेन के सीईओ, देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य सदैव से यूज़र के लिए आसान और सस्टेनेबल उत्पाद बनाना रहा है, इसलिए 4जी सोलर पंप कंट्रोलर का निर्माण हमारे इसी उद्देश्य के अनुरूप है। हम अपने उत्पादों द्वारा किसानों को जोड़ना और उनका काम आसान बनाना चाहते हैं। पीएम कुसुम योजना की मदद से किसान रियायती मूल्य में सोलर-पॉवर्ड कंट्रोलर इंस्टॉल कर सकेंगे, और लंबे समय के लिए एक सस्टेनेबल विकल्प प्राप्त कर सकेंगे।



## राजेश हिन्दुस्तानी बने जय हिन्द क्रांति सेवा मिशन राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** जागो मानव-बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी को जय हिन्द क्रांति सेवा मिशन राष्ट्रीय संगठन का हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देव प्रकाश मीणा ने उन्हें यह पदभार सौंपा। राजेश हिन्दुस्तानी की लगातार 33 वर्षों की समाज सेवा, देश व जनहित में किए गए सेवा कार्यों व पिछले 13 वर्षों से लगातार तिरंगा झंडा हाथ में थामे रहने की सेवा को देखते हुए संगठन ने यह जिम्मेवारी दी है। उनके त्याग, राष्ट्रप्रेम व सामाजिक सेवा से लाखों लोगों को प्रेरणा मिली है। राजेश हिन्दुस्तानी ने कहा कि वे जय हिन्द क्रांति सेवा मिशन राष्ट्रीय संगठन के कार्यों को प्रदेश में आगे बढ़ाएंगे। वहीं हिसार की ठंडी पर सड़क पर शांति नगर की आईटीआई की दीवार के साथ सीवरेज लाइन काफी समय से दूर तक कई सीवरेज ब्लॉक है। इस समस्या को लेकर लोग राजेश हिन्दुस्तानी के रामपुरा मोहल्ला स्थित मां गंगादेवी हिन्दुस्तानी सेवा मिशन कार्यालय में आए तो उन्होंने वहां जाकर एसडीओ जसवीर से बात की उन्होंने इस समस्या के जल्द समाधान की बात कही है। उन्होंने बताया कि लगातार जनसेवा के कार्य जारी है तथा अपने स्तर पर हर समस्या का समाधान सरकार के प्रशासन के समक्ष उठाकर करवाते हैं। इसके अलावा भी देश व समाज की सेवा में लगातार योगदान जारी है।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक एवं पोलोथिन मुक्त अभियान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** एनसीसी के 74वें दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय हिसार में 3 हरियाणा बटालियन के तत्वाधान में एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटस ने पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक एवं पोलोथिन मुक्त अभियान के तहत हिसार वासियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान ने एनसीसी कैडेटस व महाविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए अपनी दैनिक दिनचर्या में प्लास्टिक अथवा उससे बने उत्पादों का कम से कम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एएनओ लेफ्टिनेंट एनएस तोमर एवं एनसीसी कैडेटस ने मिलकर महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों, दुकानदारों एवं शहरवासियों के लिए प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमे लगभग 700 लोगों ने पोलोथिन व प्लास्टिक को न प्रयोग करने बारे हस्ताक्षर किए।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित

### छात्राओं को दिलाई संविधान रक्षा की शपथ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुंदर सिंह ढांडा के नेतृत्व में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में लोक प्रशासन विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक प्रशासन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ विजेंद्र बेनीवाल ने बताया की प्रति वर्ष 26 नवंबर को संविधान अपनाने के उपलक्ष्य के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। इसके साथ ही संविधान के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारियां छात्राओं को दी जाती हैं। छात्राओं ने हमारा संविधान-हमारा अभियान विषय पर देश प्रेम से संबंधित स्लोगन लिखे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान, द्वितीय रवीना तथा तृतीय स्थान अंजू ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं को संविधान की रक्षा की शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य सुंदर सिंह ढांडा ने छात्राओं को संविधान की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर हीना, रेणु श्योराण, कॉलेज स्टॉफ सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।






# भावनात्मक विकास, चारित्र का विकास केवल शिक्षक और पुस्तक के सहारे नहीं किया जा सकता : तपोमूर्ति पृथ्वीराज

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** राष्ट्रव्यापी आचार्य महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस (जीवन विज्ञान दिवस) के अन्तिम दिन आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुशीला भवन रोड, हिसार में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनि श्री पृथ्वीराज के सानिध्य में और समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता व प्राचार्य कमल कांति के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन द्वारा अणुव्रत गीत से हुआ।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुनिश्री पृथ्वीराज ने कहा कि जीवन विज्ञान शिक्षा का वरदान है। जीवन विज्ञान श्रेष्ठ मानव एवं समाज निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी उपक्रम है। श्रेष्ठ मानव और मानवता का सृजन आज विश्व के सामने एक गंभीर चुनौती है। मूल्य आधारित संभव है। जातिवाद, सम्प्रदायवाद व आतंकवाद को समाप्त कर राष्ट सुदृढ़ बन सकता है। जीवन विज्ञान प्रशिक्षण से छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों में एकाग्रता तथा नियमितता बढ़ सकती है। इन प्रयोगों से निश्चित रूप से विद्यर्थियों का शारिरीक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक विकास हो सकता है। युवा कहते हैं कि उन्होंने परीक्षा के दिनों में खूब पढ़ा, पढने मात्र से याद नहीं होता, लक्ष्य बनाकर पढ़ेंगे तो याद होगा, सीखना होगा, याद करना होगा, अभ्यास करना होगा, बहुत शिक्षा में आवश्यक है पढ़ने के साथ सीखने की बात जुड़े। जीवन विज्ञान में सीखने की बात जुड़ी हुई है। भावनात्मक विकास अथवा चारित्र का विकास केवल शिक्षक और पुस्तक के सहारे नहीं किया जा सकता उसके लिए जरूरी है रूपांतरण का प्रयोग आसन, प्रणायाम कायोत्सर्ग, एकाग्रता, संकल्प शक्ति, अनुप्रेक्षा ये सब रूपांतरण प्रयोग हैं। जीवन विज्ञान में इसके विधिवत अभ्यास से



भावनात्मक चारित्र तथा नैतिक मूल्यों का विकास संभव है। विद्यार्थियों में समाज व परिवार के प्रति दायित्व बोध मानवीय मूल्यों का विकास, नैतिक मूल्यों की वृद्धि तथा चारित्रिक विकास भी अति आवश्यक है। शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगिण विकास सर्वांगिण विकास में व्यक्ति के शारिरीक, मानसिक, बौद्धिक व भावनात्मक पक्ष का समान विकास समाहित होता है। मुनिश्री ने कहा कि छात्र राष्ट्र के भाग्य निर्माता है। जीवन विज्ञान पढ़ेंगे तो प्रज्ञा के नेत्र खुलेंगे क्या-क्या बनना है पहले जानलो, सच्चा मानव बनना है और अच्छा मानव बनना है। अगर हम जीवन विज्ञान को पढ़ेंगे तो रचनात्मक दृष्टि खुल सकती है। संवेगो का कन्ट्रोल, आध्यात्मिक वैज्ञानिक संबल बढ़ सकता है। हमारे जीवन को प्रयोगशाला बनाएं, श्रद्धा, आस्था का जीवन में महत्व है। संयम ही जीवन है। जीवन विज्ञान कहता है निज पर शासन, फिर अनुशासन स्वयं पर अनुशासन ही जीवन विज्ञान है। हमारे जीवन में परिवर्तन हो, क्रोध कम हो। खाने खाते, पढ़ते समय मोबाईल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। वह शक्ति हमारे अध्ययन में काम आ सकती है महाप्राण ध्वनि से स्मरण शक्ति का विकास, क्रोध कम मन शांत हो सकता है। अणुव्रत समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासित जीवन जीकर अपने जीवन को एक सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। समय पर सोना, उठना व अपने सभी समय पर करके विद्यार्थी अपने समय, ऊर्जा, शक्ति व बुद्धि का सही उपयोग कर सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को हमेशा अनुशासित जीवन जीते हुए अपने जीवन को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना चाहिए। मंच संचालन सतपाल शर्मा ने किया। स्कूल प्रभारी अनिल पांडे ने आये अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, दर्शन लाल शर्मा मंत्री, इंद्रास पांडे, सुरेश जांगड़ा, विनोद जैन, सगुन चंद सिंगल, होम सिंह, राजकुमार सोनी और स्कूल का स्टाफ उपस्थित थे।

# रिटायर्ड कर्मचारी जल्द लेंगे बड़े आंदोलन का फैसला : राजपाल नैन

## रिटायर्ड कर्मचारी ज्वाइंट एक्शन कमेटी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** रिटायर्ड कर्मचारी ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक गत दिवस स्थानीय क्रांतिमान पार्क में महेंद्र सिंह स्याहड़वा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन राजबीर सिंधु ने किया। बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के जिला कन्वीनर राजपाल नैन व राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य एमएल सहगल ने कहा कि हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। इसी का परिणाम है कि सरकार ने अभी तक मांगों पर बातचीत के लिए सेवानिवृत कर्मचारियों को आमंत्रित तक नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कहने को तो सरकार वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्ज को सुविधाएं देने का ढिंढोरा पिटती है लेकिन हकीकत में कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता को देखते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने गत 24 फरवरी के जिला मुख्यालयों के सफल धरना प्रदर्शन किया और उसके बाद मंडल स्तर पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद 27 अक्तूबर को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी सरकार ने अभी तक मांगों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की हठधर्मिता को देखते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी की राज्य कमेटी ने 15 दिसंबर के करीब बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। इस बैठक में आगामी बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य कमेटी की बैठक से पूर्व जिला स्तर पर बैठक कर सुझाव लिए जा रहे हैं, जिनके आधार पर आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।



ज्वाइंट एक्शन कमेटी के जिला कन्वीनर राजपाल नैन ने बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों में प्रदेश के सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन में पंजाब, हिमाचल प्रदेश व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की तर्ज पर पेंशन में 65, 70 व 75 वर्ष होने पर क्रमशः 10,15 व 20 प्रतिशत की दर से पेंशन में बढ़ोतरी की जाए, नई पेंशन स्कीम रद्द कर के पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए, मेडिकल भता एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार मासिक किया जाए, सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए, कम्यूटेशन की कटौती 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष की जाए, फेमिली पेंशनर्स को एलटीसी की सुविधा प्रदान करने, पेंशन की आय को टैक्स रहित किया जाए, 18 महीने के बकाया एरियर का भुगतान किया जाए आदि मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों के आंदोलन को हल्के में लेने की भूल कर रही है। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार को महंगी पड़ सकती है। यदि सरकार ने मांगों का समाधान नहीं किया तो प्रदेश के दो लाख 80 हजार सेवानिवृत कर्मचारी व उनके परिवार भाजपा-जजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम कर दिखाएंगे। बैठक में सेवानिवृत तहसीलदार नरेश गोयल, सेवानिवृत महाप्रबंधक उदयवीर दुहन, रण सिंह श्योराण, रूप सिंह बोस, धर्मपाल, रतीराम, ओमप्रकाश सैनी, महेंद्र सिंह, रणधीर बामल, रामनिवास, राजेंद्र सिंह, रामप्रकाश शर्मा, इंद्र सिंह, सुधीर दहिया, रामकुमार, कृष्णदत्त शर्मा, सुभाष जैन, सेवानिवृत प्राचार्य भरत सिंह पूनिया, सुरेश कुमार गिरधर, लीलाराम, मदनलाल सहित अनेक सेवानिवृत कर्मचारी शामिल रहे।


# फैड डाइट, सिक्स पैक एब्स और साइज जीरो फिगर के युग में योग : सुमित उब्बा



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

भारत शब्द सुनते ही आपके मन में तुरंत इसके व्यस्त जीवन, इसके कई शहरों की आपाधापी और हर कोने में धार्मिक प्रतीकों की छवियाँ उभर आती हैं। लेकिन सबसे ऊपर, आप उस समृद्ध संस्कृति के बारे में सोचते हैं जो इस देश से जुड़ी हुई है और इस संस्कृति के भीतर सबसे प्राचीन मन-शरीर, समग्र प्रथाओं में से एक योग निहित है। फ़ैड डाइट, सिक्स पैक एब्स और साइज़ ज़ीरो फिगर के युग में व्यायाम का यह सौम्य रूप खड़ा है - जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है।

**जाने-माने योग प्रशिक्षक और हिसार में इम्पैसिव योगा सोसाइटी आजाद नगर के संस्थापक सुमित उब्बा (आर्यनगर) के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, हमने जाना कि उनके लिए योग का क्या मतलब है, विभिन्न प्रकार के योग और कुछ चलते-फिरते व्यायाम।**



**1. एक वाक्य में, आपके लिए योग को क्या परिभाषित करता है?**

योग मन की एक अवस्था, जीने और ब्रह्मांड से जुड़ने का एक तरीका है।

**2. आप योग का कौन सा रूप सिखाते हैं, और क्या बात इसे अन्य से अलग करते है?**

शिवानंद शैली। इसमें एक क्रम है जो पूरे शरीर को कवर करता है। हालाँकि अन्य को इसके बारे में पता है, कभी-कभी अभ्यासकर्ताओं के झुकाव को समायोजित करने के लिए अनुक्रम का त्याग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ केवल खड़े होकर ही आसन कर सकते हैं। कुछ उलटफेर से बचते हैं। बहुत से लोग प्राणायाम से पूरी तरह बचते हैं। कुछ लोग केवल ध्यान ही करते हैं। अन्य लोग ध्यान से पूरी तरह बचते हैं।

इसलिए केवल थेरेपी आधारित सौम्य मुद्राएं हैं जबकि अन्य बहुत अधिक शरीर-केंद्रित हैं। शिवानंद योग में जप सहित सब कुछ शामिल है। इसके अलावा अधिकांश अन्य शैलियों में शिक्षक आश्चर्यचकित कर देने वाले आसन करने में सक्षम हो सकता है जो छात्रों को आकर्षित करता है, जिससे शिक्षक अभ्यास का ध्यान केंद्रित कर पाता है।

हालाँकि, शिवानंद शैली अधिकांश लोगों के दिमाग को इस संभावना के प्रति खोल देती है कि वे कठिन दिखने वाले आसन भी आज़मा सकते हैं, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। किसी भी अभ्यास को आजीवन सहयोग देने के लिए, तीन तत्व महत्वपूर्ण हैं:- प्रगति, विकास की संभावना, और मन और आत्मा के शुद्ध योग अभ्यास का अनुभव।

**3. योग के नए रूपों जैसे पावर योगा, हॉट योगा आदि के बारे में आपकी क्या राय है?**

मैं इनमें से किसी पर भी टिप्पणी नहीं करना पसंद करूंगा। हालाँकि, मैं यह कह सकता हूँ कि योग इस देश में अपने जन्म के बाद से ही विकसित और फल-फूल रहा है। इसलिए इसका स्वभाव ही ऐसे प्रयोगों को समायोजित करना है। लेकिन लंबे समय में इन नए वेरिएंट में से इसके सबसे अच्छे पहलू बने रहेंगे, जबकि बेकार या मूर्खतापूर्ण ऑफ-टेक अपने आप खत्म हो सकते हैं।

**4. क्या आपने किसी शहर/देश का दौरा किया है या किसी योग जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं?**

मैं सामूहिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के बजाय किसी भी तरह इसे अपने कोने में करना पसंद करता हूं। फिर भी मैंने शैलियों को समझने के लिए थाईलैंड की यात्रा की है। मुझे लगता है कि बहिर्मुखता किसी तरह मेरे अभ्यास में हस्तक्षेप करती है। मेरे पसंदीदा रमण महर्षि कहते हैं कि दुनिया को बदलने की कोशिश करने से पहले आपको खुद को बदलना चाहिए।

**5. आपकी कुछ पसंदीदा जगहें कौन सी हैं जहां आपने योग किया है?**

मेरी चटाई ही एकमात्र ऐसी जगह है जो मायने रखती है। मैं किसी भी तंग जगह में योग कर सकता हूं। बाहरी चीज़ें किसी के अभ्यास में कुछ स्वाद जोड़ सकती हैं। लेकिन मेरे लिए यह कोई आवश्यकता नहीं रही। हालाँकि, यदि आप मेरे कुछ पसंदीदा अवकाश स्थलों का नाम बताना चाहेंगे जहाँ मैंने योग किया है, तो वे हैं गंगा नदी के पास उत्कर्षी। यह दो सप्ताह का गहन शीतकालीन पाठ्यक्रम था जिसमें सुबह से शाम तक निरंतर अभ्यास शामिल था। हर तरह से एक अद्भुत अनुभव।

मेरी यात्रा का एक और मुख्य आकर्षण नाव क्रूज पर हेड स्टैंड करना है। शीर्षासन करते समय पानी और आकाश के विशाल विस्तार को उल्टा देखना भ्रामक लेकिन रोमांचक है। योग करने का एक और यादगार अनुभव एक जलयात्रा है। थाईलैंड मेरा पसंदीदा स्थान हैं जहां मैंने योग के साथ-साथ सिंगिंग बाउल मेडिटेशन का भी अभ्यास किया। मैं हर जगह अपनी चटाई लेकर चलता हूं। यह संभवतः सर्वोत्तम सहायक वस्तु है जो आप चाहेंगे।

**6. अक्सर यात्रा करने वालों के लिए कौन से योग व्यायाम विशेष रूप से फायदेमंद हैं?**

एयरलाइन सीट की संकीर्ण सीमा में जटिल विस्तार निश्चित रूप से संभव नहीं है। लेकिन सांस लेने की तकनीक (प्राणायाम), वैकल्पिक नासिका से सांस लेने, गहरी सांस लेने से बंद नाक को साफ करने और कानों को केबिन के दबाव से राहत दिलाने में मदद मिल सकती है। एक बार जब आपके होटल के कमरे में थोड़ी अधिक जगह हो, तो आप मानक स्ट्रेच और पोज़ का पूरा अभ्यास कर सकते हैं - लेकिन केवल तभी जब आपने किसी शिक्षक के मार्गदर्शन में सीखा हो, न कि यू ट्यूब पर।

मेरे पसंदीदा व्यायामों में से एक, जो मेरे अभ्यास के लिए आवश्यक है, सूर्य नमस्कार है - एक संपूर्ण शरीर का व्यायाम जो पीठ और कंधे के दर्द को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बहुमत से सरकार बनाएगी कांग्रेस : आब्जर्वर कांतिलाल

## गांव गढ़ी में पूर्व मंत्री सुभाष गोयल की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 26 नवम्बर :** देश के पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी। भाजपा से मोह भंग हुई जनता अब कांग्रेस को विकल्प के तौर पर देख रही है। यह बात एआईसीसी के हिसार लोकसभा ऑब्जर्वर कांतिलाल ने गांव गढ़ी की पुरानी चौपाल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल ने की। कांतिलाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की यह विशेष बैठक कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि इस विशेष बैठक का उद्देश्य मीटिंग तक ही सीमित रहना नहीं है, बल्कि आम जनता को अपने साथ जोडऩे के लिए हमें बूथ स्तर तक जाना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अभी से चुनाव लडऩे की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ कमेटी के नीचे जिन परिवारों को जोड़ा गया है, उनसे भी संपर्क करके पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करें। ऑब्जर्वर कांतिलाल ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने जो ऑब्जर्वर नियुक्त किए है, उनकी ड्यूटी आगामी विधानसभा चुनाव तक रहेगी। बैठक में हांसी हलका के एआईसीसी ऑब्जर्वर गुरूकिमत इ्क्षसह सिंधु ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जो भी आदेश पार्टी हाईकमान से आए है, अनुशासन में रह कर उन आदेशों का पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करें। पूर्व मंत्री सुभाष गोयल ने कहा कि जनता का मोह भाजपा पार्टी से भंग हो चुका है। जनता कांग्रेस को विकल्प के रूप में देख रही है, आने वाला समय कांग्रेस का होगा।

बैठक के समापन पर मीडिया से हुई बातचीत में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा सरकारी स्कूल में सुविधाएं न मिलने पर शिक्षा विभाग को 5 लाख का जुर्माना लगाने पर बोलते हुए लोकसभा के एआईसीसी ऑब्जर्वर कांतिलाल ने कहा कि भाजपा सरकार का काम ही है गलत काम करना है। भाजपा को जुमलेबाजी करनी आती है। भाजपा सरकार देश के हर वर्ग के लोगों को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में असफल रही है।

इस अवसर पर पवन गोयल, वजीर सिंह बेरवाल, बालकिशन इंसा, सज्जन सिंह बेरवाल सरपंच, रणधीर धतरवाल, मास्टर जिले सिंह, लालू जनेवा, सत्यनारायण शर्मा, ताराचंद यादव, राजेश नेहरा, दीपक राठी, दलबीर इंसा, सज्जन सिंह चहल, बलबीर बेरवाल, नरेश सैन, सत्यवान बेरवाल, सूरजीत बेरवाल, महाबीर बेरवाल, ओमप्रकाश नेहरा, दीवान सांगवान, बबलू बेरवाल, राजबीर धतरवाल, सुनील, दीप, बलवान पहल, वेद प्रकाश, सुरेन्द्र बेरवाल, अनिल बेरवाल, सन्नी प्रकाश, विकास नूनांच, राजपाल नूनांच, बीडीसी मेम्बर सतबीर, मुकेश, सावन, रघुबीर आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम नई उत्साह देने का कार्य करती है : रतेरिया



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 26 नवम्बर :** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 107वें संस्करण को भाजपा हांसी विधानसभा के बूथ नं 86 पर बूथ कार्यकर्ताओ द्वारा सुना गया। बूथ पालक प्रवीण सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख एवं भाजपा हिसार जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकार किया था। जब साल 2015 में हम बाबा साहेब आंबेडकर की 125वीं जयंती मना रहे थे, उसी समय 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाने का विचार आया था। उसके बाद से हर साल हम इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। उन्होंने इन दिनों कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने पर कहा कि भारत की मिट्टी में भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह करेंगे तो देश का पैसा, देश में रहेगा। छोटे छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बताएंगे। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अभियान समृद्ध भारत के द्वार खोल रहा है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उनकी वोकल फॉर लोकल की अपील पर बीते कुछ दिनों में त्योहारों पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। उन्होंने मुम्बई आंतकी हमले मे जीवन गंवाने वाले सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर भाजपा हिसार जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम नया उत्साह देने का कार्य करती है इस कार्यक्रम को सुनने के लिए देशवासी पूरे माह इंतजार करते हैं। इस अवसर पर बूथ पालक एवं मंडल कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंगला, आकाश वर्मा, विपिन, जयमल वर्मा, साहिल सैनी, साहिल यादव, आनंद वर्मा, सतीश, कर्मजीत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया गया एनसीसी और संविधान दिवस



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनसीसी और संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार और नं 1 हरियाणा एयर स्कावडन हिसार से जुड़े एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी दिवस के अवसर पर श्रमदान किया। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई के स्टेचू की सफाई की और महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जिसके माध्यम से उन्होंने छात्राओं को अपने आस पास सफाई रखने के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने कहा कि एनसीसी का मूल मंत्र अनुशासन व एकता है और एनसीसी नेतृत्व की गुणवत्ता, संगठन और देश के प्रति प्रेम को भी बढ़ाता है।इस अभियान में एनसीसी आर्मी विंग एएनओ लैं गुंजन शर्मा के नेतृत्व में 40 कैडेट्स और एयरविंग सीटीओ श्रीमती अंजली के नेतृत्व में 32 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं व एनसीसी कैडेट्स ने संविधान की प्रस्तावना को समझने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने छात्राओं को संविधान के प्रारंभ व विभिन्न मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश प्रेम एक मजबूत राष्ट्र की आवश्यकता है और विधार्थी इसकी एक सशक्त नीवं है।संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने संविधान के प्रति अपने कर्तृतव्यों का सही पूर्वक पालन करने के लिए शपथ भी ली। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की संविधान सभा ने आज ही के दिन 1949 में औपचारिक रूप से संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।

# विद्या भारती स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गुरु पर्व



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** विद्या भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरू नानक देव जी का 554 वां प्रकाशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर स्कूल में गुरू नानक देव जयंती से पूर्व गुरू पर्व कार्यक्रम आयोजित हुआ। सिखों के पहले गुरु नानक देव जी की जयंती के मौके पर छात्रों ने शबद और कीर्तन पेश किए व पारंपरिक पंजाबी पोशाक में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। बच्चों ने गुरुओं के सम्मान में सिर पर पटके बांधे और स्कूल के छात्रों ने शब्द गायन किया और गुरुवाणी गाकर वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। गुरु नानक देव जयंती पर स्कूल छात्रों ने गुरुद्वारा साहिब का दौरा किया। गुरुद्वारे में बच्चों को कड़ा प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती गुरप्रीत कौर और स्कूल के अन्य अध्यापकगण भी मौजूद थे। प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों को गुरु पर्व की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उन्हें गुरु नानक जी के पद चिह्नो पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को 'किरत करो, वंड के छको' मतलब सदमार्ग पर चलते हुए आपसी भाईचारा निभाने और बांट कर खाने जैसी भावनाओ को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के निदेशक के. के. शर्मा व निदेशिका श्रीमती उषा शर्मा ने बच्चों को गुरु नानक जयंती की बधाई दी और कहा कि हमें सभी की मदद करनी चाहिए और जीवन में सच के मार्ग पर चलना चाहिए।

# बज़्मे- ए- अदब ने किया काव्य गोष्ठी आयोजित



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** बज़्मे -ए -अदब की मासिक काव्य गोष्ठी ऋषि सक्सेना की अध्यक्षता में टाउन पार्क में आयोजित की गई। मंच संचालन जयभगवान लाड़वाल ने किया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कौशल थे। इस अवसर पर जयभगवान लाड़वाल ने सुनाया -तगड़ा व्रती है भाई म्हारा गडदु यार - तीन दर्जन केले खा गया खीर कटोरी चार-कूटटू के खाने पे हो गया तगड़ा झगड़ा- ब्रत व्रत का ज्ञान नहीं-बने से बर्ती तगड़ा। कलमकार वीरेंद्र कौशल ने सुनाया–कलयुग की रामलीला में अजब तमाशा देखा बाग को मिरग के सामने गिड़गिड़ाते देखा रावण ने हाई टेक तरीके से राम को संदेशा भेजा महंगाई के दौर में तेरी सीता संग तेरी मंदोदरी भी लेजा। ऋषि सक्सेना ने कुछ यूं सुनाया-चैत मास आ गया घर घर सजे दरबार धूम धाम से मना रहे सभी नोंरात्रे त्योहार। भीम सिंह हुडा ने सुनाया-ये जमाना आजकल कैसा हो गया सबसे अहम पैसा हो गया। इस अवसर पर राहुल, रमेश सलूजा, विजय गुप्ता, अमी लाल, चिराग ने भी काव्य पाठ किया।

# राजकीय महाविद्यालय में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रिया ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** राजकीय महाविद्यालय हिसार में एनसीसी 3 हरियाणा गर्ल्स आर्मी विंग बटालियन की कैडेटस ने एनसीसी दिवस मनाया। इस में एनसीसी कैडेटस ने स्लोगन प्रतियोगिता मे भाग लिया। कैडेटस ने स्लोगन के द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन न करने के लिए युवाओं को संदेश दिया। नशीली दवाई लेने से युवाओं का भविष्य खराब हो जाएगा। इस दौरान प्राचार्या डॉ. दीपमाला मुख्य अतिथि रही। प्राचार्या ने एनसीसी कैडेटस को नशे से दूर रहने की सलाह दी और कहा युवाओं को अपना कैरियर पढकर अच्छा बनाना चाहिए। स्लोगन प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. आशा लता, डॉ. सीतू राणा व डॉ. राजपाल ने निभाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन कैप्टन स्नेहलता एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स द्वारा करवाया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया द्वितीय स्थान अनिता व तृतीय स्थान पारूल ने प्राप्त किया। अंत मे सारजेंट ज्योति एनसीसी ने सभी का धन्यवाद किया।

# आत्मा के साथ मिलन का अद्वितीय सार्थक साधना है ब्रह्मनाद ध्यान : आचार्या मां उषा



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 26 नवम्बर :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ने अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आज आचार्या मां उषा ने ब्रह्मनाद ध्यान की शुरुआत ओंकार के मसीहा गुरु नानक देव की जयंती पर अग्रिम शुभकामनाओं के साथ की। आचार्या ने सेशन में बताया कि ब्रह्मनाद ध्यान एक आध्यात्मिक साधना है, जो योग और ध्यान के माध्यम से आत्मा के अद्वितीयता को अनुभव करने का प्रयास करता है। इस ध्यान का लक्ष्य ब्रह्म (अनंत और अनन्त शक्तियों का समूह) के साथ समाहित होकर अद्वितीय बह्मात्मा के साथ एकता अनुभव करना है। ब्रह्मनाद ध्यान में, व्यक्ति अपने मन को शांति और एकाग्रता की स्थिति में ले जाता है और ध्यान के माध्यम से अपनी आत्मा की अंतर्दृष्टि में प्रवृत्त होता है। यह ध्यान किसी विशेष चिन्ह या रूप को ध्यान में रखने की बजाय, ब्रह्म के अनंत और अद्वितीय स्वरूप का अनुभव करने का प्रयास करता है। ब्रह्मनाद ध्यान का अभ्यास करने वाले व्यक्ति को अपनी असली स्वभाव की समझ होती है और उसे आत्मा का आत्मिक एकत्व महसूस होता है। इसका परिणाम स्थिर मानसिकता, उदार भावना, और आत्मिक शांति होती है। ब्रह्मनाद ध्यान के माध्यम से व्यक्ति को अपने चेतन और अचेतन सत्ताओं के प्रति सहज अनुभव होता है जो सभी जीवों और ब्रह्मांड को आच्छादित करती हैं। ध्यान का समापन उत्सव के साथ किया और सभी मित्र बहुत ही आनंदित और ऊर्जावान महसूस कर रहे थे। आज के सेशन में 70 से अधिक मित्रों ने हिस्सा लिया और सभी ध्यान के बाद बहुत ही अच्छा महसूस कर रहे थे। ध्यान के बाद टीम सद्गुरु हिसार व टीम सद्गुरु भिवानी के सदस्यों ने हरियाणा संयोजक आचार्य सुभाष के साथ मीटिंग की जिसमें आने वाले 1 से 3 दिसंबर को भिवानी में होने वाले ध्यान योग कार्यक्रम को सफल बनाने की रुपरेखा तैयार की। 2 दिसंबर को समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिआ नाद दीक्षा के लिए भिवानी आएंगे। जो भी इच्छुक मित्र हैं वो शीघ्र अति शीघ्र अपनी बुकिंग करवा लें क्योंकि सीटें सीमित है।


## Name Change

I, Avinash Sharma S/o Late Sh. Krishan Lal Sharma R/o H. No. 88, 8 Marla Colony, Patel Nagar, Hisar declare that I have changed my name from Avinash Kumar to AVINASH SHARMA for all future purposes.

- Deponent







## WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000


# गुरूद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर सब्जी मंडी हांसी में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा श्री गुरु नानक देव जी का 554 वां प्रकाश पर्व



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 26 नवम्बर :** आज प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व के संबंध में प्रेस वार्ता की गई जिसका संबोधन प्रधान सुभाष गिरधर, महासचिव राम प्रकाश परुथी, सचिव स. सतवंत सिंह घई, सलाहकार स. रणजीत सिंह ढींगरा, युवा सेवा दल सचिव मनोज जुनेजा, कुनाल मिनोचा व हिमांशु ढींगरा द्वारा संयुक्त रूप से करके बताया गया की 27 नवंबर 2023 वार सोमवार को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व है जो कि गुरु नानक नाम लेवा संगतों द्वारा पूरी दुनिया में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है इसी लड़ी में हांसी साध संगत द्वारा भी 13 दिन पहले 15 नवंबर से ही नगर में प्रभात फेरीयां चल रही है इस लड़ी में आज प्रातः मुख्य अतिथि बजरंग आश्रम समिति के प्रधान श्री भुवनेश ऐलावादी जी द्वारा निशान साहिब के चोला साहब की सेवा की गई। उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ। जिसकी समाप्ति 48 घंटे बाद गुरु पर्व वाले दिन ही होगी उन्होंने बताया कि 27 नवंबर की प्रातः 5:00 बजे पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में एक विशाल नगर कीर्तन संगतो का जन समूह भजन कीर्तन करता हुआ शहर के मुख्य मार्गों गुरुद्वारा साहिब से चलकर भगत सिंह रोड, पुराना बस स्टैंड, बड़सी गेट, उमरा गेट, बजरिया चौक, धौला कुआं, चार कुतुब गेट, त्रिमूर्ति चौक, बाबा स्वीट्स रोड से दुर्गा कॉलोनी- रूप नगर कॉलोनी रोड से सैनिक स्कूल से निरंकारी भवन होता हुआ, सुभाष नगर बैंक कलोनी के मध्य रोड से पंजाब नेशनल बैंक से वापस गुरुद्वारा साहिब में पहुंचेगा। जिसमें संगतो को विशेष कर अमृतसर से पहुंच रही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी सुंदर पालकी साहब के दर्शन होंगे व बाबा बंदा बहादुर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के मानवता की सेवा के प्रति जागरूकता के संदेश के स्लोगन की झांकियां व भजन कीर्तन आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके अलावा संगतों की सेवा के लिए इन मार्गों पर लंगर स्टॉल भी लगाए जाएंगे व दिन में गुरुद्वारा साहिब के परांगण में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया है जिसमें गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जींद के हजूरी रागी भाई जसबीर सिंह रमदास व गुरुद्वारा भाई श्याम सुंदर, गांधी कॉलोनी के रागी भाई हरिंद्र सिंह नांगरु तथा गुरुद्वारा साहिब के ही हजूरी रागी भाई मोहन सिंह जी द्वारा संगतो को गुरबाणी के रसभीन्ने कीर्तन के माध्यम से जोड़ेंगे इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर विधायक श्री विनोद भयाना, चेयरमैन श्री प्रवीण इलाहाबादी, सुप्रसिद्ध समाजसेवी नरेश यादव, जजपा शहरी अध्यक्ष राहुल मक्कड़, प्रमुख समाजसेवी मदन सेठी, श्याम मखीजा, विजय चानना, महेश बांगा, अजय कंबीरी व शहर की सभी सामाजिक व राजनीतिक हस्तियां गुरू साहब को शीश निवाकर संगतों के दर्शन करेंगे। अंत में प्रबंधक कमेटी ने सभी नगर वासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की लख-लख बधाई देते हुए निवेदन किया कि हमे इस महान गुरु पर्व वाले दिन अपने नजदीकी गुरुद्वारा साहिब में जाकर जरूर माथा टेकना चाहिए और श्री गुरु नानक देव जी के जीवन से प्रेरित होकर सदैव मानवता की सेवा में तत्पर रहना चाहिए।

# रोटरी हिसार का अत्यन्त सराहनीय सफल प्राजेक्ट






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** रोटरी क्लब हिसार ने नशामुक्ति विषय पर 15 स्कूलों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया और समापन समारोह आज सनसिटी सभागार में आयोजित यिा गया, जिसमें जिला व सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार मित्तल मुख्यातिथि थे। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष योगेश मित्तल ने श्री दिनेश मित्तल व स्कूलों के प्राचार्यों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने इस अयोजन के रोटरी हिसार को बधाई दी और कहा कि इस कार्य की सामाजिक उपयोगिता है और युवकों को सचेत करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर अनिता भण्डारी, प्रोजेक्ट चेयरमैन अनय मित्तल के अतिरिक्त सर्वश्री अश्वनी गर्ग, जय बंसल, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एन.के. खेतरपाल, मोहित गुप्ता, के.के. शर्मा, संजय डालमिया, आशीष गोयल, नीरज जैन, देव कुमार गर्ग व हरीश बुड़ाकिया, निर्मल गावड़िया आदि भी उपस्थित थे।

## आर्य समाज लाला लाजपत राय चौक नागोरी गेट हिसार के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

### वेदों के सिद्धांतों के प्रचारक थे महर्षि दयानंद सरस्वती : बलवीर आचार्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** हिसार आर्य समाज लाला लाजपत राय चौक नागोरी गेट हिसार के 137वें वार्षिकोत्सव के आज अंतिम दिन की सभा प्रातः यज्ञ से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर आमंत्रित वैदिक विद्वान प्रोफेसर बलवीर आचार्य ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि भारतीय समाज के पुनर्जागरण में आर्य समाज और महर्षि दयानंद सरस्वती ने अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने विलुप्त वेदों के सार्वभौमिक, सार्वजनिक एवं सर्वकालिक ज्ञान-विज्ञान एवं सांस्कृतिक ज्ञान का प्रचार करके यह बताया कि मानव मात्र प्रभु के पुत्र हैं। वेदों के अनुसार ना कोई छोटा है और ना बड़ा। स्त्री पुरुष सब बराबर है। छुआछूत समाज का कलंक है। सबको वेद पढ़ने का अधिकार है। आधुनिक भारत में महिला और दलितों को वेद पढ़ने का अवसर आर्य समाज ने दिया। कोलकाता से पधारे भजनोपदेशक कैलाश कर्मठ ने ईश्वर भक्ति के मधुर भजनों के भक्ति रस से सबको आत्मिक आनंद में डुबो दिया। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद के कारण ही दलित परिवारों के बच्चे वेदों के प्रचंड विद्वान बने और उन्होंने राष्ट्र के उत्थान में अपूर्व योगदान दिया। आज भी आर्य समाज द्वारा संचालित गुरुकुलों में बिना किसी भेदभाव के सभी वेदों का अध्ययन कर रहे हैं। यज्ञ का संपादन वैदिक विद्वान कर्मवीर शास्त्री ने किया। मंच का संचालन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने किया। कार्यक्रम के समापन पर ऋषि लंगर की व्यवस्था की गई। सत्संग में सीएवी सेकेंडरी स्कूल एवं जगन्नाथ आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक एवं छात्रों के अतिरिक्त आर्य समाज के गणमान्य सर्वश्री हरि सिंह सैनी प्रधान, नरेंद्र मिगलानी मंत्री, देवेंद्र सैनी कार्यकारी प्रधान, दलबीर आर्य उप प्रधान, राधेश्याम आर्य प्रचार मंत्री, बलराज मलिक, नंदलाल चोपड़ा, डॉ. मिश्रीलाल आर्य, महावीर खेड़ा, सुरेंद्र रावल, सत्येंद्र रावल, मदन वासुदेव, ईश आर्य, लाल देव शास्त्री, विश्व देव शास्त्री, विनय मल्होत्रा, ललिता शास्त्री, लाजवंती खन्ना, गीता मित्तल, समुद्रा देवी, वीणा वासुदेव, आचार्य सत्यकाम, सीताराम आर्य, रतन सिंह आर्य, आजाद मुनि, मुनीराम आर्य, प्रेम गाबा, कुलदीप ग्रोवर व श्याम सुंदर आदि उपस्थित रहे।

## मोटापा से आयु-कम होती है और रोग बढ़ते हैं



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर (देवेन्द्र उप्पल) :** मोटापे को ठीक करने वाले जाने माने डा. यशपाल सिंगला (गीताजंलि अस्पताल) का कहना है कि लोगों को मोटापे से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी हो गया है और इसलिए वे प्रति वर्ष में कई बार जागरूकता शिविर लगाते हैं। उन्होंने बताया कि दस वर्ष पूर्व ज्यादातर 40 वर्ष की आयु से ऊपर के लोग मोटापे का ईलाज करवाने आते थे परन्तु अब 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के युवक -युवतियां भी मोटापे का शिकार हो रहे हैं क्योंकि फास्ट फूड, बर्गर व पिज्जा आदि का प्रचलन बढ़ गया है और व्यायाम तथा शीरीरिक सक्रियता घट गई है। लाईफ स्टाइल में परिवर्तन, खान-पान में सुधार व व्यायाम/योग आदि से मोटापे पर नियन्त्रण किया जा सकता है परन्तु असावधानी होते ही मोटापा फिर आने लगता है। इसके अतिरिक्त गंभीर रोगियों को आप्रेशन द्वारा ठीक किया जाता है। इसलिए लोग जागरूक होकर खान-पान व जीवन शैली में सुधार लाएं और सर्जरी से बचें। पंजाब में 28 प्रतिशत, हरियाणा में 14 प्रतिशत और दिल्ली में 27 प्रतिशत रोगी बढ़े हैं और मोटापे से ग्रस्त हो रहे हैं। आहार और लाईफ स्टाईल का मोटापे और बीमारियों से सीधा संबध है।

## बरवाला में इंटक के ऑफिस में मनाया गया संविधान दिवस : भूपेंद्र गंगवा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 26 नवम्बर :** आज बरवाला विधानसभा क्षेत्र मे अग्रसेन चौक के पास इंटक कार्यालय में 'संविधान दिवस' धूमधाम से बनाया गया इस मौके पर भूपेंद्र गंगवा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए व आज की अध्यक्षता श्री रोहतास ग्रोवर इंटक के ब्लॉक के अध्यक्ष ने की। भूपेंद्र गंगवा ने अपने संबोधन में कहा हैं भारत का संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस को मनाया जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने के भारत सरकार के निर्णय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को अधिसूचित किया। इस अवसर पर पंडित ज्ञानी राम, सत्यवान सरसोद, होशियार सिंह सिवाच, मुरारीलाल बंसल, विनोद बंसल, हरफूल सिंह, विनोद वाल्मीकि, ओमप्रकाश बंसल, विजय मान, रवि बुगाना, रमेश बुगाना, कृष्णा देवी, राममेहर शर्मा, परमेश्वरी देवी, विमला देवी, रामप्यारी, रामरति, गिना देवी, कांता देवी, चमेली देवी, शांति देवी, ईश्वर सिंह, पुष्पा देवी, संतोष कुमारी, पिंकी, हरिकेश, वीरभान, पोल्लूराम, पूनम देवी, पवन देवी, सोना देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जनता के मन को छूकर जनता को जागृत करने का काम करते है प्रधानमंत्री मोदी : प्रवीण बंसल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 26 नवम्बर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के माध्यम से भारत की जनता के मन को छूने वाले विषयों की चर्चा कर सभी को जागृत करने का काम करते है। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने हेतु देशभर के लोगो द्वारा किए जाने वाले विलक्षण कार्यों की जानकारी भी देश के साथ सांझा करते है जिससे सभी को ऐसा करने की प्रेरणा मिलती है। उक्त विचार मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक प्रवीण बंसल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का आज 107वां एपिसोड सुनने के पश्चात कहे। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज 26 नवंबर है और इस दिन को हम कभी नहीं भूल सकते। आज ही के दिन देश पर सबसे जघन्य आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने मुंबई और पूरे देश को थर्रा कर रख दिया था। लेकिन ये भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उबरे और अब पूरे हौंसले से आतंक को कुचल रहे हैं। मुंबई हमले में अपना जीवन गंवाने वाले सभी लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण, सूरत का स्वच्छता अभियान, डिजिटल ट्रांजेक्शन, भारतीय पेटेंट में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी, लोकल फॉर वोकल, नारी शक्ति वंदन अभियान का जिक्र कर इनको आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने का नया वातावरण बन रहा है, ये जरूरी है क्या? भारत की मिट्टी में भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह करेंगे तो देश का पैसा, देश में रहेगा। छोटे छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बताएंगे। इस अवसर पर नरेश खरडिया, रतन कुमार शर्मा, अनिल जोगी, प्रवीण सहारा व कमलेश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 28 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 26 नवम्बर :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 28 नवम्बर को दोपहर 03:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में श्री रजनीश गर्ग करेंगे।

त्यौहारों का सीजन : हेयर ट्रांसप्लांट आकर्षक पैकेज में एवं ओपीडी डिस्काउंट 300/- की बजाय मात्र 200/-
एनसीआर व हिसार क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हेअर सोसायटी के मेम्बर
डॉ. विक्रम नटराज गोयल
MBBS, MS, M.Ch Plastic Surgery, Ahmedabad, Fellow U.S.A.
सौंदर्य SKIN, BURNS, HAIR TRANSPLANT, LASER & PLASTIC SURGERY CENTRE
दिल्ली, चण्डीगढ़, जयपुर वाला ईलाज अब हिसार में उपलब्ध
BURNS, जले हुए मरीजों का आधुनिक ईलाज (आई.सी.यू.) सुविधा उपलब्ध
बालों का झड़ना, पतला होना, अनावश्यक गंजापन, हेयर ट्रांसप्लांट, कॉस्मैटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी संबंधित परामर्श/इलाज उपलब्ध
बुकिंग : पहले आओ-पहले पाओ
अख़बार की प्रति लायें-विशेष छूट पायें
शर्तें लागू
गोयल हस्पताल
मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध
Dabra Chowk, Opp. Saraswati Provisional Store Nirankari Bhawan Road, Hisar
Ph.: 01662-248105, 89012-10825, 09812130025

डा. प्रीति जैन
MBBS, MS
पूर्व सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ
जिन्दल हस्पताल, हिसार
स्त्री रोग व अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधाएँ :-
Laproscopic Operations
बच्चेदानी, रसौली व अण्डेदानी की गांठ निकालना
Hysteroscopic Operations
बच्चेदानी की गांठ व जाला निकालना
Colposcopy
बच्चेदानी के मुँह के कैंसर की जाँच
नि:संतानता से सम्बधित ऑप्रेशन
For Appointment Please Call :
HOSPITAL 9996902728
GYNAE 9813347766
GOBIND NURSING HOME
120, Het Ram Road,
Opposite Jat College Road, Hisar, 125001

रस्म उठाला
बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
साहिल चुघ पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र चुघ
का स्वर्गवास दिनांक 25-11-2023 को हो गया है।
उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म उठाला
दिनांक 28-11-23 (मंगलवार) को शिव मंदिर धर्मशाला,
अनाज मंडी, हांसी में दोपहर 1 से 2 बजे तक होगा।
शोकाकुल परिवार :
समस्त चुघ परिवार एवं निकट संबंधी
229, सेक्टर-6 हुडा, हांसी, हिसार
सम्पर्क सूत्र : 9802554354, 7037080000

Host your functions in
Largest Airconditioned Banquet of Haryana
(12000 sq.ft.)
Midtown GRAND
BANQUETS ✦ CONFERENCES ✦ ROOMS
Contact : Vikas Aggarwal 98960-85200
Reception : 98960-06900, 99960-04411

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

लेजर किरणों द्वारा चश्में व कॉन्टेक्ट लैंस से छूटकारा पायें
100 % ब्लेड रहित
विश्व की अत्याधुनिक अमेरिकन मशीन
iLASIK
चश्मा हटवायें
नई रोशनी पायें
Latest Model
Femtosecond Laser
IFS 150 HZ
American Technology
AVAILABLE FACILITIES :
PRK, LASIK, C-LASIK SBK and I-Lasik (FEMTO)
डॉ. एस.बी. जैन
एम.एस. (नेत्र) एफ.आई.सी.ओ. (जापान)
लेसिक लेजर एवं फेको विशेषज्ञ
जैन आँखों का हस्पताल
डाबड़ा रोड, हिसार मो. 97295-27774, 94680-15977